# पर्वतेश्वर बाबा बैजनाथ का परिणय देखने उमड़े श्रद्धालु

## महाशिवरात्रि का पर्व जिले भर में उल्लास से मनाया गया, मंदिरों में शिवलिंगों के आकर्षक श्रृंगार हुए, बारात में नाचे लोग

### एक नजर में

#### बगवाज में महाशिव रूद्र यज्ञ का आयोजन

**नवभारत न्यूज, लखनवास 15 फरवरी, सं.** लखनवास के समीप गांव बगवाज में हुआ महाशिव रूद्र यज्ञ का समापन एक सप्ताह से चल रहा गांव में पंचकुंडात्मक रूद्र यज्ञ भगवान भोलेनाथ का नया मंदिर बनाकर भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा की गई. आज शिवरात्रि के पावन पर्व पर महाअभिषेक किया गया एवं यज्ञ आचार्य द्वारा पूर्णआहुति देकर महाप्रसादी वितरण किया गया. जिसमें क्षेत्र के आसपास गांव के सभी श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी. ग्राम बगवाज़ के सभी ग्राम वासीओ में मिलकर बढ़ चढ़कर सहयोग किया एवं बाहर से आए सभी अतिथियों का स्वागत किया.

#### प्रजापति समाज ने किया विशाल भण्डारे का आयोजन

**ब्यावरा 15 फरवरी, का.** नगर में प्रजापति समाज द्वारा सिविल अस्पताल रोड पर तहसील कार्यालय के सामने स्थित काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर धाम से ढोल-ढमाके के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली. शोभायात्रा मंदिर से गाजे-बाजे, जयकारों के साथ शोभायात्रा शुरु हुई जो अहिंसा द्वार, पीपल चौराहा, मेन मार्केट, जूना ब्यावरा, इंदौर नाका होते ही वापस मंदिर धाम पहुंची. सजे-धजे रथ में भोलेनाथ की तस्वीर विराजमान थी. भजनों पर लोग जमकर थिरके. स्थान-स्थान पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. प्रमुख मार्गो से होकर शोभायात्रा वापस मंदिर धाम पहुंची जहां धार्मिक आयोजन हुए. इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधु, धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे.

#### देवलीमानखालसा में विदाई समारोह आयोजित



**छापीहेड़ा 15 फरवरी, सं.** शासकीय हाई स्कूल देवलीमान खालसा में कक्षा दसवीं के भैया बहनों को कक्षा नौवीं के भैया बहनों द्वारा नम आंखों से विदाई दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर शर्मा सरपंच ने की. मुख्य वक्ता के रूप में गेंदालाल नागर माध्यमिक शिक्षक मुख्य अतिथि शिवचरण दांगी माध्यमिक शिक्षक विशेषज्ञ अतिथि ठाकुर साहब कालूसिंह जी की उमठ, जगन्नाथ सिंह यादव देवलीमान, डॉक्टर महेश कुमार वर्मा संकुल प्राचार्य पीएमश्री संडावता, कुमेर सिंह सरावत, आरसी वर्मा बीएसी ब्लॉक राजगढ़, राम कैलाश वर्मा, कमल कुमार राठौर हाई स्कूल सुस्याहेडी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. कक्षा नौवीं के भैया बहनों द्वारा दसवीं के भैया बहनों को प्रतीक चिन्ह के रूप में पेन भेंट किया गया और कक्षा दसवीं के भैया बहनों ने विद्यालय को प्रतीक चिन्ह के रूप में दो दीवार घड़ी भेंट की गई साथ ही अपने अनुभव कथन शेयर किए गए कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा भैया बहनों का मार्गदर्शन किया गया. जीवन में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी अतिथियों और भैया बहनों द्वारा सहभोज किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार नागर, कल्याण प्रसाद मेहरा, हरि सिंह वर्मा, टीना पाटीदार, राम गोपाल दांगी, लक्ष्मीनारायण दांगी, कमल किशोर यादव, राहुल यादव एवं विद्यालय के समस्त भैया बहन उपस्थित रहें.



### तिलभांडेश्वर शिवलिंग का 2 .5 क्विंटल फूलों से श्रृंगार

**सारंगपुर 15 फरवरी, सं.** नगर मे महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरो मे भक्तों का जन सैलाब उमड़ा सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ था. शाम होते ही बाटकेश्वर महादेव मंदिर से तिलभांडेश्वर मंदिर तक शिव बारात बड़े धूम धाम से ढोल नगाड़े के साथ निकली तिलभांडेश्वर शिवलिंग का 2 .5 क्विंटल फूलों से श्रृंगार किया गया,श्री कपिलेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष श्रृंगार किया गया तो वही देव कुआ मार्ग पर स्थित चिंतामणि महादेव मंदिर पर एक दिवसीय मेला का आयोजन जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष शामिल हुवे,तो वही नीलकंठ महादेव मंदिर,सभी धर्म प्रेमी एवं माता बहनों से फुलमाली समाज के श्री राम मंदिर भेरू दरवाजा में महा शिवरात्रि पर फूल माली समाज नवयुवक मंडल भेरू दरवाजा द्वारा बाबा भोलेनाथ की महाआरती की गई इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी हीरा लाल पुष्पद,भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, सचिव सुरेश पुष्पद, संतोष टेलर,लोकेश पुष्पद, संजय मेडिकल, धीरज पुष्पद, जीवन पुष्पद, रामेश्वर पुष्पद सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 15 फरवरी, सं.** भगवान शिव पार्वती के विवाह का महाशिवरात्रि पर्व उत्साह के साथ मनाया गया. इस उपलक्ष में नगर के प्राचीन शिवालयों पर श्रद्धालुओं के भारी भीड़ उमड़ा पड़ी. खासकर बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया. सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ने लगी थी. देर रात तक यह सिलसिला चलता रहा. देर शाम नगर के श्रद्धालुओं ने शहर में शिव बारात का आयोजन किया. इसके बाद बड़ा महादेव और माता पार्वती के मंदिर शिखर पर गठजोड़े बांधकर विधि विधान से शिव पार्वती विवाह संपन्न किया गया. इसके अलावा नगर के छोटा महादेव, जल मंदिर, गुप्तेश्वर महादेव, ओखलेश्वर महादेव, नादेश्वर महादेव, कोदेश्वर महादेव, पीपलेश्वर महादेव सहित प्राचीन









पहले चित्र में सुठालिया के श्यामखो महादेव का प्राकृतिक श्रृंगार किया गया. वहीं दूसरे चित्र में नरसिंहगढ़ बैजनाथ महादेव पर दर्शनों की कतार लगी. अंतिम चित्र में शिवलिंग को उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल ज्योतिर्लिंगेश्वर की तर्ज पर सजाया गया. आकर्षक साफा उन्हें पहनाया गया.






### शिवमय वातावरण में निकली बारात, जमकर नाचे बाराती

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 फरवरी, का. नगर में शिव बारात पारंपरिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ निकाली गई. बारात में स्थानीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं की विशेष झलक देखने को मिली. दो दर्जन से अधिक स्थानों पर बारात मार्ग पर झांकिया सजाई गई.** दोपहर में पूजा-अर्चना, आरती के बाद शिवजी की छतरी से बारात शुरु हुई. शिव भक्तों ने पारंपरिक बिनौरी नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. भूत-प्रेत गणों के वेश में लोग शामिल हुए, समूचा वातावरण शिवमय हो गया. बारात में लोग जमकर नाचे. इंदौर से आए कलाकारों ने नगर के प्रमुख चौराहों पर विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया जो आकर्षण का केंद्र बना रहा. बारात सब्जी बाजार, ब्यावरा नाका होते हुए बिरसा मुंडा चौराहे, पारायण चौक, तिल्ली चौक, बड़ चौक, गांधी चौक और किला मार्ग घूम घाटी से गुजरती हुई खोयरी बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंची. मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और ठंडाई सहित जलपान से स्वागत किया.

**शिव पार्वती विवाह हुआ-** खोयरी धाम पहुंचने पर मंदिर पुजारी अरुण शर्मा, उमेश शर्मा सहित मंदिर समिति सदस्यों और उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वगात किया गया. इसके बाद मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से शिव पार्वती विवाह संपन्न हुआ. शाम को महाआरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ.



### उज्जैन के साफे से सजे शिव

बायपास रोड़ पर खिलचीपुर नाके के समीप स्थित श्री अंजनीलाल धाम के नर्मदेश्वर महादेव को बाबा महाकाल की भांति सजाया गया. पंडित देवेंद्र बैरागी के अनुसार शिवरात्रि पर्व पर शिवलिंग का श्रंगार दूल्हे के स्वरूप में करने के लिए उज्जैन से विशेष आकार का साफा मंगवाया गया है.

### शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

शिव भक्ति में सराबोर हुए नगर, कस्बे और गांव शोभायात्रा निकली, धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या के आयोजन हुए

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 15 फरवरी, का.** महाशिवरात्रि का पर्व नगर सहित जिले भर में बड़े ही श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाया गया. हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्राचीन शिवालयों, शिव मंदिरों में पहुंचे तथा दर्शन कर पूजा अर्चना की. सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान का सिलसिला शुरु हो गया. ब्यावरा स्थित श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन हुआ. द्वादश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया. सायंकाल महाआरती का आयोजन हुआ इसके बाद भजन संध्या प्रारंभ हुई.-

**शाम को निकली शिव बारात-** शाम के समय हाथी खाना स्थित प्राचीन शिवालय से गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई. बारात के साथ शिव पालकी, आकर्षक झांकी साथ चल रही थी. ढोल, नगाड़ो के साथ शुरु हुई शिव बारात पुराना ए.बी.रोड, पीपल चौराहा, मैन मार्केट, जूना ब्यावरा होते हुए वापस शिवालय पहुंची.

**प्राचीन शिवालयों पर पहुंचे भक्त-** नगर के प्राचीन शिवालयों, शिव मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरु हो गया. आकर्षक श्रृंगार, अभिषेक, धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती, भजन कीर्तन के आयोजन हुए.

शिवालयों पर भी महिला पुरुषों ने शिवलिंग की अभिषेक पूजा अर्चना की. इस दौरान मंदिरों पर विशेष साज सज्जा के साथ भगवान का अद्भुद श्रृंगार किया गया. महा आरती और महाप्रसादी वितरण के आयोजन भी संपन्न हुए. इस उपलक्ष में बड़ा महादेव मंदिर पर महादेव सेना के तत्वाधान में सवा पांच क्विंटल फलाहारी खिचड़ी महाप्रसादी का वितरण किया गया. वही बाबा बैजनाथ सेना के सदस्यों ने बड़ा महादेव मंदिर पर धार्मिक आयोजन संपन्न करवाये.

#### बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ निकली शिव बारात

**कुरावर 15 फरवरी, सं.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बम बम भोले कावड़ यात्रा के तत्वाधान में तांत्रिक मुकेश बाबा के मार्गदर्शन में भव्य शिव बारात निकल गई जो की खेड़ापति हनुमान मंदिर गांव कुरावर से होते हुए में मार्केट पहुंची जहां पर बारात का भव्य स्वागत किया गया. विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आरएसएस अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल सहित अन्य धार्मिक संगठनों द्वारा शिव बारात का स्वागत किया गया ठंडाई बाटी गई. पुष्प की वर्षा की गई महिलाएं भगवान शिव के

भजन गाती हुई नृत्य करती हुई. बारात में सम्मिलित हुई तो युवा डीजे पर पूरे समय थिरकते नजर आए भगवान की झांकी सजाई गई रथ सजाया गया और डोली सजाई गई. जिस्म अलग-अलग स्वरूप में भगवान शिव विराजित हुए पूरे समय भगवान शिव के जय जयकार एवं जयकारे लगते रहे. बस स्टैंड राम जानकी मंदिर पर शिव बारात का समापन हुआ आरती उतारी गई. प्रसाद वितरित किया गया. शिव बारात में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

### शिव महापुराण कथा में शिव-पार्वती विवाह मनाया

**जीरापुर 15 फरवरी, सं.** विश्वनाथ आश्रम भण्डावद में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में व्याकरणाचार्य संत श्री रामानन्द जी पुरी (शास्त्री जी) ने कामधेनु प्रसंग सुनाया तथा शिव पार्वती विवाह का चित्रण किया. शिवरात्रि पर हमें जितना अधिक हो ऊं नमः शिवाय का जप करते रहना चाहिए वैसे तो हमेशा ऊं नमः शिवाय बोलते रहें ताकि व्यक्ति के पास किसी भी अनहोनी एवं भुत प्रेत का असर नहीं होगा. काम संसार की तरफ जाता है तो सृजन होता है ओर राम कि ओर जाता है तो इंसान परमात्मा से जुड़ता है. सबसे बड़ा तीर्थ माता-पिता होते हैं उनकी सेवा ही तीर्थ पुण्य समान है जिस घर में बुढ़े मां बाप का अपमान होता है वह घर अपवित्र हैं और घर में असंतोष बना रहता है. कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल हुए जिन्होंने ने शिव पार्वती विवाह पर खूब नृत्य किया.





### पड़ाना अंचल के शिवालयों में सुबह से हुए अनुष्ठान, आरती

**नवभारत न्यूज**

**पड़ाना 15 फरवरी, सं.** महाशिवरात्रि पावन पर्व के चलते नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल मऊ,पडाना, मगराना, आशारेटा, करौंदी, बरुखेड़ी, गुलावता, तुकोगंज, इत्यादि ग्रामीण अंचल के शिव मंदिर एवं शिवालयों पर सुबह से ही दर्शन करने वाले दर्शनार्थ की भीड़ पहुंची. जहां श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र,जल,दूध, पुष्प, अर्पित कर पूजा अर्चना की. तो कई जगह पंडित राजू शर्मा दिव्यांश शर्मा गौरव शर्मा इत्यादि पंडितों द्वारा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, दुधाभिषेक, किया गया. इस मौके पर तलेन रोड पर स्थित प्राचीन शिवालय,नरसिंह मंदिर विश्व काशीनाथ महादेव, आवास कॉलोनी,परमार मोहल्ला, माली मोहल्ला ,पटेल मोहल्ला ,शीतला माता चौराहा पर स्थित श्री राम रामेश्वर महादेव शिवालय नर्मदेश्वर महादेव मंदिर इत्यादि मंदिरों मैं शिवलिंग का विशेष श्रंगार कर आकर्षक साज सजावट की गई. इस मौके प प्राचीन झिरी स्थान के शिव मंदिर पर नरसी मंदिर महंत कौशल किशोर दास जी महाराज पुजारी सर्वेश्वर दास जी महाराज आत्माराम पुष्पद डॉक्टर मनीष शर्मा राजेश यादव लक्ष्मी नारायण परमार जगदीश यादव रितेश शर्मा संजू शर्मा नंदलाल परमार राजेश शर्मा इत्यादि दुग्ध अभिषेक किया. वही श्री रामेश्वर शिवालय पर महादेव की बेटियों ने रुद्राभिषेक किया.

**अध्यात्म** ▶ महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का आयोजन

## अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना ही शिवरात्रि है

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 फरवरी, का. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजगढ़ द्वारा 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव कार्यक्रम शिव वरदान भवन ,भँवर कॉलोनी में श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ,राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ,रवि श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ दैनिक भास्कर एवं ऐके शर्मा, प्राचार्य बीटीआई. राजगढ़ द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया.**

जिसमें ब्रह्माकुमारी



कविता दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि शिवरात्रि अर्थात परमात्मा कलियुग रूपी घोर अज्ञान अंधकार की रात में धरा पर अवतरित होकर आत्म जाग्रति का ज्ञान देते है।मनुष्य मात्र के अंदर व्याप्त बुराइयों और विकृतियों को समाप्त करते है ,इसी यादगार में शिवरात्रि पर शिव परमात्मा पर अक,धतूरा,बैर आदि वस्तुएं चढ़ाई जाती है जो कि बुराइयों का प्रतीक है।साथ ही सभी को सृष्टि के आदि - मध्य - अंत का तथा कर्मों की गुह्य गति का राज समझाते है,इसीलिए उनके लिए कहा गया है - सत्यम शिवम सुंदरम आगे दीदी ने सबको परमात्म अवतरण की खुश खबरी सुनाई कि परमात्मा शिव का अवतरण हो चुका हैं और सृष्टि परिवर्तन का कार्य चल रहा हैं.

कार्यक्रम की अगली कड़ी में ने सबको शिवरात्रि की बधाई देते हुए कहा कि आज संसार में अज्ञान अंधकार चरम पर है ,मन अशांत है इसलिए हरेक को शांति की आवश्यकता है और ब्रह्माकुमारी आश्रम शांति का केंद्र है. कार्यक्रम में नन्ही बालिकाओं ने बहुत सुंदर नृत्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया. साथ ही नाटिका के माध्यम से शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया. इस अवसर पर समाजसेवी एवं रिटायर्ड इंजीनियर प्रताप सिंह सिसोदिया, मूलचंद चक्रवर्ती, देवी सिंह सोलंकी अन्य गणमान्य मौजूद रहे. तत्पश्चात सभी अतिथियों एवं कार्यक्रम में पधारे भाई बहनों ने परमात्मा शिव की श्रद्धा पूर्वक आरती कर परमात्मा शिव का ध्वज लहराया गया एंव दीपिका दीदी ने ध्वज के नीचे बुराइयों को समाप्त करने तथा आपस में प्रेम ,एकता से रहने की प्रतिज्ञा करायी. इस अवसर पर सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट की ,साथ ही सभी भाई बहनों को भी प्रसाद वितरित की गई. कार्यक्रम का कुशल संचालन कुमारी इंदिरा के द्वारा किया गया.



### समाज में बिखराव का समय चल रहा है

विधायक अमरसिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज समाज में बिखराव का समय चल रहा है ,सभी के मन में विकृतियों का प्रवेश हो चुका है ,जिसके परिणाम स्वरूप आज सबके अंदर भय है ,निराशा है ,अशांति है और ऐसे समय पर सबको सच्चे ज्ञान की एवं सत्य मार्ग की आवश्यकता हैं. इस शिवरात्रि पर हम सभी अपनी विकृतियों को शिव भोलेनाथ पर चढ़ाए और सही अर्थों मे शिवरात्रि पर्व मनाए. साथ ही भ्राता रघुनंदन शर्मा, पूर्व विधायक ने भी शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस शिवरात्रि पर अपनी बुराइयों को प्रभु अर्पण करे तभी शिवरात्रि मनाने की सार्थकता है.